(346)

राजस्थान सरकार
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (ग्रुप-2) विभाग

क्रमांक प0 27(56)चिस्वा/2/2016 जयपुर दिनांक 15.11.2016

**M/s ADSOL, 14, Transport Nagar, Jaipur.**

अपीलान्ट

बनाम

कार्यकारी निदेशक (ई.पी.एम.), राजस्थान चिकित्सा सेवा निगम लिमिटेड, जयपुर।

रेस्पोडेंट

अपील अन्तर्गत धारा 38 **RTPP Act** 2012

प्रथम अपील संख्या 56/2016 अन्तर्गत धारा 38 (1), राजस्थान लोक उपापन मे पारदर्शिता अधिनियम, 2012

निर्णय दिनांक 15.11.2016

अपीलान्ट फर्म M/s ADSOL, 14, Traansport Nagar Jaipur की ओर से अधिवक्ता श्री संदीप पाठक एवं अन्य प्रतिनिधि उपस्थित हुये तथा आर.एम.एस.सी.एल की तरफ से प्रबन्ध निदेशक, आरएमएससीएल व अन्य अधिकारीगण उपस्थित हुये।

1. संक्षिप्त मे अपील के तथ्य इस प्रकार से है कि अपीलान्ट फर्म मैसर्स ADSOL, 14, Traansport Nagar Jaipur के अनुसार निगम द्वारा पूर्व में निविदा सूचना संख्या 119, दिनांक 29.09.2015 Establishing of Skill lab on turnkey basis for ANM Training ,GNM Training, State Nodal Centre की निविदा आमन्त्रित की गई। इस निविदा की प्री-बिड दिनांक 15.10.15 को आयोजित की गयी। प्री-बिड पश्चात प्राप्त अभ्यावेदनों के आधार पर तकनिकी समिति द्वारा प्राप्त संशोधित तकनिकी स्पेशिफिकेशन के आधार पर दिनांक 19.12.2015 को एक में Corrigendum जारी किया गया था। इस Corrigendum के अनुसार निविदादाता के लिए "The Bidder shall be a manufacturers / direct importers/consortium who must have established at least one skill lab at any state in India and submit satisfactory report in technical bid. The list of such installation of the equipments may be asked from the bidder in Verification of BF-VII information and he should submit self attested copy of purchase order, indent and invoice (inclusive of quantity & rate). However, the condition of past performance is not applicable is not applicable for the

ISI marked items." की शर्त रखी गयी थी। इस शर्त के अनुसार अपीलान्ट फर्म इस निविदा में भाग लेने में सक्षम रही।

2. निविदा संख्या 119 की तकनीकी निविदा दिनांक 17.02.2016 को खोली गयी। इस निविदा में अपीलान्ट फर्म मैसर्स ADSOL 14, Traansport Nagar Jaipur एवं मैसर्स HLL Life Care Ltd, Thiruvananthapuram ने भाग लिया। उक्त दोनों फर्मों का Demostration तकनीकी समिति द्वारा लिया गया। Demostration में फर्म मैसर्स ADSOL 14, Traansport Nagar Jaipur अयोग्य एवं मैसर्स HLL Life Care Ltd, Thiruvananthapuram योग्य पायी गयी। अपीलान्ट फर्म मैसर्स ADSOL 14, Traansport Nagar Jaipur द्वारा Demostration में हुए व्यय जैसे Import, Transportation इत्यादि का हवाला दिया है। (तथ्य है कि Demostration निगम द्वारा प्रकाशित निविदा कि प्रक्रिया है। )

3. अपीलान्ट फर्म मैसर्स ADSOL 14, Traansport Nagar Jaipur के अनुसार निगम द्वारा इस निविदा को अनैतिक एवं अवैध मानते हुए रद्द की गयी। तथ्य है कि योग्य फर्म मैसर्स HLL Life Care Ltd, Thiruvananthapuram की वित्तीय निविदा दिनांक 25.04.2016 को खोली गयी। फर्म द्वारा वित्तीय निविदा प्रपत्र अनुसार निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत न कर अन्य प्रारूप में प्रस्तुत की गयी। फलस्वरूप एकल फर्म मैसर्स HLL Life Care Ltd, Thiruvananthapuram को वित्तीय निविदा में अयोग्य पाया गया। चूकिं निविदा में कोई फर्म योग्य नहीं होने की स्थिति में निविदा निरस्त किये जाने का निर्णय निगम द्वारा लिया गया।

4. अपीलान्ट फर्म मैसर्स ADSOL 14, Traansport Nagar Jaipur के अनुसार निगम द्वारा आईटम Establishing of Skill lab on turnkey basis for ANM Training ,GNM Training, State Nodal Centre की निविदा संख्या 178 दिनांक 11.08.2016 को पुनः जारी की गयी। इस निविदा में प्री–बिड पश्चात प्राप्त अभ्यावेदनों के आधार पर तकनिकी समिति द्वारा उपलब्ध करवायी गई तकनिकी स्पेशिफिकेशन के आधार पर निगम द्वारा Corrigendum जारी किया गया। प्रकाशित नवीन निविदा संख्या 178 के Corrigendum अनुसार "The

bidder should be Manufacturer/ Direct Importer (import from single foreign principal manufacturer) for 50% or more of the core Item Mannequins specified in Bid and for remaining 50% Mannequins, the bidder should enter into consortium with other manufacturer/ direct importer." की शर्त रखी गयी।

5. दोनो पक्षकारो को सुना गया। Skill lab के कार्य में पूर्व में जारी निविदा का निगम के स्तर पर कोई निस्तारण नही हो पाया था तथा केवल अनुमान के आधार पर इस वर्ष जारी निविदा में Qualification में परिवर्तन कर दिया गया। इस परिवर्तन का कोई भी आधार बहस के दौरान निगम के अधिकारी साबित नही कर पाये। यहॉ यह उल्लेखनीय है कि Qualification तय करते समय कुल निर्माण में आयात का प्रतिशत तो तय कर दिया गया पर उनके पूर्व में Skill lab के लगाने का अनुभव है, इस पर Qualification ज्यादा कठोर नही है इसलिए अधिक प्रतिभागियों को बढावा देने के उद्देश्य से उचित होगा कि Qualification consortium को पूर्व में जारी निविदा के अनुरूप Simplifying रखा जावे ताकि अधिक से अधिक Vendor भागीदारी कर सके। चूकि निगम द्वारा इस पूर्व में काफी विलम्ब कर दिया गया है। अतः अब वे नई Qualification को तय करते हुए बिड को अपलोड करते हुए तुरन्त प्रकिया प्रारम्भ करे।

## आदेश

उपरोक्त कारण से अपीलार्थी की अपील स्वीकार की जाती है। निगम द्वारा प्रकाशित आईटम Establishing of Skill lab on turnkey basis for ANM Training ,GNM Training, State Nodal Centre की निविदा संख्या 178 में तद्नुसार संशोधन किया जावें। उक्त निर्णय से सभी पक्षकारों को अवगत कराया जावें। आदेश की प्रति पक्षकारान को निशुल्क उपलब्ध कराई जावे एवं राज्य उपापन पोर्टल पर भी दर्शित किया जावें। पत्रावली निर्णय मे सम्मिलित की जाकर कार्यालय में नियमानुसार संधारित की जाती है।

अपीलीय अधिकारी एवं
विशिष्ठ शासन सचिव